# स्कूली बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण व जीवन कौशल के लिए किया गया जागरूक : डाक्टर एके यादव

**ओपन सर्च/वरिष्ठ संवाददाता**
**उमेश गुप्ता**



**सोहना।** ल्यूमैक्स ग्रुप के सहयोग से साक्षी एन. जी. ओ. के द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय गांव बाघनकी एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलवाडी में स्कूल के बच्चों के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता, सफाई, पोषण व जीवन कौशल आदि के लिए जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। डॉ. ए.के. यादव द्वारा इस सत्र में छात्रों को व्यक्तिगत स्वच्छता से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं व पोषण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इनमें दैनिक स्वच्छता की आदतें, स्वास्थ्य, संक्रमण व बीमारियो से बचाव के उपाय, किशोरावस्था में आने वाले बदलावों की समझ, उचित खान पीन, सही पोषण आदि विषय भी शामिल किए गए। इसके साथ ही बच्चों से जुड़ी व्यक्तिगत समस्याओं पर भी उनको चिकित्सीय सलाह दी गई। दोनों स्कूलों के कुल 115 छात्रों ने इस सत्र का लाभ उठाया। इस अवसर पर बाघनकी स्कूल के मुख्याध्यापक श्री प्रेम सागर व कलवाडी स्कूल के प्रधानाचार्य श्री नरेश कुमार द्वारा साक्षी, ल्यूमैक्स ग्रुप के प्रयासों की सराहना की।उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ छात्रों के समग्र विकास के लिए चुने गए ऐसे महत्वपूर्ण विषय व प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने साक्षी एन. जी. ओ. व ल्यूमैक्स ग्रुप को धन्यवाद देते हुए अनुरोध किया कि भविष्य में भी ऐसे उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सत्र विद्यालय में नियमित रूप से आयोजित किए जाएँ जो छात्रों के जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। इस अवसर पर ल्यूमैक्स की तरफ से श्री मोहित महर, सुश्री कनक बिष्ट, साक्षी एन.जी.ओ. की तरफ से प्रोग्राम मैनेजर श्री शैकी, प्रोग्राम कोर्डिनेटर सुश्री कोमल आदि मौजूद रहे।